आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 17.10.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. जनगणना के दूसरे चरण के तहत द्वीपों के तीनों जिलों में जिला स्तरीय जनगणना प्रशिक्षण आयोजित किया गया।
2. श्री विजयपुरम तथा निकोबार जिले में सूअरों में अफ्रीकन स्वाइन फीवर के प्रकोप की पुष्टि हुई है।
3. आगामी आम चुनावों के मद्देनजर सभी पंजीकृत राजनीतिक दलों से पार्टी विवरण जमा करने का अनुरोध किया गया है।
4. श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण के लिए उपभोक्ता शुल्क निर्धारित किया गया है।

<><><><><><><>

जनगणना के दूसरे चरण के प्रश्नों की अधिसूचना और राज्य स्तरीय जनगणना सम्मेलन के बाद, द्वीपों के तीनों जिलों में जिला स्तरीय जनगणना प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान, प्रतिभागियों को जनसंख्या गणना की प्रक्रियाओं, तकनीकी पहलुओं और परिचालन आवश्यकताओं से अवगत कराया गया, ताकि जनगणना 2027 के दूसरे चरण के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उनकी तैयारी सुनिश्चित की जा सके। ये प्रशिक्षित अधिकारी क्षेत्र–स्तरीय कर्मचारियों की नियुक्ति व प्रशिक्षण सुनिश्चित करेंगे तथा घर–घर जाकर जनगणना की जानकारी एकत्र करने में आवश्यक सहायता प्रदान करेंगे।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के कुछ हिस्सों तथा निकोबार जिले के कार निकोबार स्थित अरॉन्ग में सूअरों में अफ्रीकन स्वाइन फीवर के प्रकोप की पुष्टि हुई है। यह सूअरों में फैलने वाली अत्यधिक संक्रामक वायरल बीमारी है। इसे देखते हुए अंडमान निकोबार प्रशासन ने द्वीपसमूह में सूअरों, सूअर के मांस और उनके फ्रोजन उत्पादों के परिवहन पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। बीमार या संदिग्ध सूअरों को अलग रखने और किसी भी जल निकाय में फेंकने पर सख्त मनाही है। यह प्रतिबंध अगले आदेश तक लागू रहेगा। भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय द्वारा निर्धारित पात्रता, दरों और प्रक्रियाओं के अनुसार, गठित टीम द्वारा अनिवार्य सत्यापन के बाद मुआवजा देय होगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम और अरोंग द्वीप में अफ्रीकन स्वाइन फीवर की पुष्टि के बाद आम जनता के लिए परामर्श जारी किया गया है। परामर्श के अनुसार सूअर में संदिग्ध लक्षण दिखने पर अपने क्षेत्र के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी या निकटतम पशु चिकित्सा संस्थान से संपर्क करने, सूअरों को अलग रखने, परिवहन और व्यापार पर रोक, असुरक्षित चारे से बचने को कहा गया है। इसके अलावा लागू नियमों या आधिकारिक प्रतिबंधों का उल्लंघन न करने को कहा गया है। इस अधिसूचना का सार स्थानीय भाषा में प्रकाशित किया जाएगा, और आदिवासी परिषद तथा ग्राम कैप्टन की सहायता से अधिसूचित क्षेत्र में इसकी घोषणा की जाएगी।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने बंगाली क्लब में अतुल स्मृति समिति की ओर से आयोजित श्री दुर्गा पूजा उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने मां दुर्गा की पूजा–अर्चना की और उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित किया। इस अवसर पर सांसद बिष्णु पद रे, दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त, दक्षिण अंडमान पुलिस अधीक्षक, अतुल स्मृति समिति के पदाधिकारी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र द्वीपों में रोजगार सृजन और आर्थिक विकास का एक प्राथमिक स्रोत है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, भारत सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। जिनमें पर्यटन संबंधी बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए विभिन्न द्वीपों को खोलना शामिल है। उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जनवरी 2027 से विभिन्न सेवाओं, परमिटों और टिकटों आदि के लिए सिंगल विंडो बुकिंग सिस्टम लागू के निर्णय लेने के लिए उपराज्यपाल के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है।

<><><><><><><><>

आगामी त्योहारों को देखते हुए, जहाजरानी सेवा निदेशालय ने श्री विजयपुरम और स्वराज द्वीप के बीच अतिरिक्त फेरी सेवाओं की व्यवस्था की है। एम.वी. जॉली बॉय कल और 20 अक्तूबर को, जबकि एम वी स्ट्रेट आइलैंड 19 तारीख को दोपहर 1 बजे श्री विजय पुरम से स्वराज द्वीप जाएगा। इन यात्राओं के लिए टिकट आज सुबह 9 बजे से जारी किए जाएंगे।

<><><><><><><><>

नगरपालिकाओं और पंचायतों के आगामी आम चुनावों को ध्यान में रखते हुए, सभी पंजीकृत राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से अपने पार्टी कार्यालयों का विवरण जिला निर्वाचन सेल में जमा करने का अनुरोध किया गया है। यह जानकारी जिला प्रशासन और राजनीतिक दलों के बीच सुगम संचार और समन्वय को सुविधाजनक बनाने तथा चुनाव संबंधी पत्राचार के रिकॉर्ड को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। सभी संबंधित राजनीतिक दलों से विवरण स्वयं या ईमेल आईडी tehsildarelectionpme@gmail.com के माध्यम से 25 अक्टूबर तक जिला निर्वाचन सेल में जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने सभी वार्डों में प्रत्येक घर से डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण के लिए उपभोक्ता शुल्क एकत्र करने हेतु स्वच्छता कर्मचारियों को तैनात किया है। इसके लिए प्रतिमाह 50 रूपये

का शुल्क निर्धारित किया गया है। उपभोक्ता शुल्क का भुगतान स्वच्छता कर्मचारियों द्वारा पॉइंट ऑफ सेल मशीनों के माध्यम से लिया जाएगा।

<><><><><><><>

नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 'इंसपायर–मानक' के तहत 12वीं राष्ट्रीय स्तरीय प्रदर्शनी और परियोजना प्रतियोगिता में द्वीपसमूह के कुल नौ चयनित प्रतिभागियों ने भाग लिया। इन प्रतिभागियों ने पूरे भारत के 700 प्रतिभागियों में से शीर्ष 60 नवाचारों में स्थान प्राप्त कर द्वीपों का नाम रोशन किया। प्रदर्शनी में पीएम श्री राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हट बे की छात्रा ए. अवनिता ने 'मैनुअल रोप मेकिंग मशीन' शीर्षक से अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। उनके प्रोजेक्ट ने रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार के माध्यम से उपयोगी समाधान विकसित करने की क्षमता का प्रदर्शन किया।

<><><><><><><>

भारतीय वन सेवा के अधिकारियों के लिए भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के क्षेत्रीय केंद्र द्वारा आयोजित 'तटीय और समुद्री जैव विविधता– द्वीप पारिस्थितिकी तंत्र' पर सप्ताहव्यापी अनिवार्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का कल समापन हो गया। समापन समारोह में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) रवि होरो मुख्य अतिथि, जबकि अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एम. राजकुमार, विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 51 IFS अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने द्वीप समूह की समृद्ध जैव विविधता पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

राजभाषा विभाग, की ओर से कल टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में 'हिंदी पखवाड़ा' के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजभाषा सचिव राजेश चोपड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि दैनिक शासकीय कार्यों में सरल और सहजता से समझ आने वाली हिंदी का प्रयोग

किया जाना चाहिए। राजभाषा उपसचिव राजेंद्र इंदवार ने बताया कि राजभाषा विभाग कर्मचारियों को हिंदी में अपने शासकीय कार्य निपटाने के लिए नई तकनीकों और ई–टूल्स का प्रशिक्षण देने हेतु समय–समय पर कार्यशालाओं का आयोजन करता रहता है।

<><><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला पुलिस की ओर से अंडमान कॉलेज में नशा विरोधी जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। सत्र के दौरान पुलिस उपनिरीक्षक ने मादक पदार्थों के दुष्प्रभवाओं तथा उन निवारक उपायों पर प्रकाश डाला, जिन्हें छात्र अपनी और अपने साथियों की सुरक्षा के लिए अपना सकते हैं। जागरूकता सत्र के बाद, जिला पुलिस के सहयोग से आधिकारिक तौर पर एक कॉलेज–स्तरीय नशा विरोधी समिति का गठन किया गया।

<><><><><><><><>